Media Release

तुरंत रिलीज के लिए

# एडवांस वोटिंग, 7 अक्तूबर, 2022 को शुरू हो रही है!

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (27 सितम्बर, 2022) - 2022 के ब्रैम्पटन म्युनिसिपल और स्कूल बोर्ड चुनाव (Brampton Municipal and School Board Election) में एडवांस वोटिंग (Advance Voting), शुक्रवार, 7 अक्तूबर को शुरू हो रही है। एडवांस वोटिंग, अक्तूबर में पांच दिनों तक होगी।

एडवांस वोटिंग, 7, 8, 9, 14 और 15 अक्तूबर, 2022 को हो रही है। तारीखों, लोकेशन्स और समय की पूरी सूची, नीचे प्रदान की गई है। मतदाता, अपने घर के सबसे नजदीकी एडवांस वोटिंग लोकेशन के बारे में जानने के लिए, सिटी की वेबसाइट (City's website) पर इंटरएक्टिव टूल (interactive tool) का प्रयोग कर सकते हैं।

**एडवांस वोटिंग लोकेशन्स**

- **शुक्रवार, 7 अक्तूबर, दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक**
  - ब्रैम्पटन सिटी हॉल (Brampton City Hall), 2 Wellington St W
- **शनिवार, 8 अक्तूबर और रविवार, 9 अक्तूबर, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक**
  - ब्रैम्पटन सिटी हॉल (Brampton City Hall), 2 Wellington St W
  - कैसी कैम्पबेल कम्युनिटी सेंटर (Cassie Campbell Community Centre), 1050 Sandalwood Pkwy W
  - गोर मेडोज कम्युनिटी सेंटर (Gore Meadows Community Centre), 10150 The Gore Rd
- **शुक्रवार, 14 अक्तूबर, दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक, और शनिवार, 15 अक्तूबर, सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक**
  - ब्रैम्पटन सिटी हॉल (Brampton City Hall), 2 Wellington St W
  - कैसी कैम्पबेल कम्युनिटी सेंटर (Cassie Campbell Community Centre), 1050 Sandalwood Pkwy W
  - सेंचुरी गार्डन्स रेक्रिएशन सेंटर (Century Gardens Recreation Centre), 340 Vodden St E
  - अर्न्सक्लिफ रेक्रिएशन सेंटर (Earnscliffe Recreation Centre), 44 Eastbourne Dr
  - गोर मेडोज कम्युनिटी सेंटर (Gore Meadows Community Centre), 10150 The Gore Rd
  - ग्रीनब्रियर रेक्रिएशन सेंटर (Greenbriar Recreation Centre), 1100 Central Park Dr
  - जिम आर्चडेकिन रेक्रिएशन सेंटर (Jim Archdekin Recreation Centre), 292 Conestoga Dr
  - सेव मैक्स स्पोर्ट्स सेंटर (Save Max Sports Centre), 1495 Sandalwood Pkwy E
  - सेंट जैकिंटा मार्टो कैथोलिक एलिमेंटरी स्कूल (St. Jacinta Marto Catholic Elementary School), 40 Fallowfield Rd
  - सुजैन फेनल स्पोर्ट्सप्लेक्स (Susan Fennell Sportsplex), 500 Ray Lawson Blvd

कुछ एडवांस वोटिंग तारीखें, थैंक्सगिविंग (Thanksgiving) वीकेंड को आ रही हैं, जिससे सभी मतदाताओं के लिए वोट डालना अधिक सुविधाजनक हो जाएगा, उन योग्य विद्यार्थियों सहित, जो शायद लॉन्ग वीकेंड के लिए घर आएं।

**अतिरिक्त झलकियां**

- किसी भी एडवांस वोटिंग लोकेशन पर वोट डालने के लिए, अपना नाम और ब्रैम्पटन का पता दर्शाने वाला पहचान पत्र और वोटर नोटिस (Voter Notice) लें, जो आपको कैनेडा पोस्ट (Canada Post) डाक द्वारा मिला है।
- यदि आपको वोटर नोटिस नहीं मिला है, तो हो सकता है कि आप वोटर्स लिस्ट (Voters' List) पर न हों, परंतु वोटिंग लोकेशन पर लिस्ट में शामिल किया जा सकता है। आपके लिए आवश्यक आई.डी. (required ID) लाना जरूरी है।
- यदि आपने वोटर्स लिस्ट में शामिल किए जाने या ऑनलाइन अपनी जानकारी अपडेट करने के लिए निवेदन किया हुआ है, तब भी आपके लिए वोटिंग लोकेशन पर आई.डी. (ID) लाना जरूरी है।
- सभी एडवांस वोटिंग लोकेशन्स पर प्रयोग करने के लिए सुलभ वोटिंग यूनिट उपलब्ध होगी।
- यदि आप एडवांस वोटिंग लोकेशन पर या वोटिंग डे वाले दिन वोट नहीं डाल सकते, तो प्रॉक्सी वोटिंग (proxy voting) के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करें।
- वोटिंग डे, सोमवार, 24 अक्तूबर को है। इस वर्ष, दीवाली (Diwali) और बंदी छोड़ दिवस (Bandi Chhor Diwas) भी सोमवार, 24 अक्तूबर को आ रहे हैं।
- 24 अक्तूबर को, आप अपने वार्ड के अंदर किसी भी स्थान पर वोट डाल सकते हैं। आप अपने वार्ड में लोकेशन्स की सूची, सिटी की वेबसाइट (City's website) पर देख सकते हैं।
- वोटिंग से संबंधित किसी अन्य सवालों के लिए, सिटी की वेबसाइट पर अकसर पूछे जाने वाले सवाल वाला भाग (FAQ section) देखें।

**हवाले**

"वोटिंग, हमारे शहर और हमारे भविष्य को बेहतर बनाने में मदद करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करती है और हम सभी योग्य मतदाताओं को सलाह देते हैं कि, 2022 के ब्रैम्पटन म्युनिसिपल और स्कूल बोर्ड चुनाव में वोट डालें। इस वर्ष, वोटिंग डे, दीवाली और बंदी छोड़ दिवस एक ही दिन आ रहे हैं। जो मतदाता जल्दी वोट डालना चाहते हैं, सिटी उन सभी मतदाताओं को सलाह देती है कि उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाएं, जो भी उनके लिए सबसे अधिक सुविधाजनक हो। जुड़े रहें और अपने शहर को बेहतर बनाने में मदद करें!"

- *पीटर फे (Peter Fay), सिटी क्लर्क एंड रिटर्निंग अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

-30-

BRAMPTON

Media Release

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 700,000 लोगों और 75,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन मल्टीकल्चरल मीडिया
multiculturalmedia@brampton.ca